## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–16.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **राज्य सरकार ने कहा–स्वास्थ्य संस्थानों में भरे जाएंगे डॉक्टरों के सभी पद।**
2. **राज्य में प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर एक अगस्त से होगी काउंसिलिंग, 22 जून से जेपीएससी लेगा 11वीं सिविल सेवा की परीक्षा।**
3. **साहित्य अकादेमी ने की युवा और बाल साहित्य पुरस्कार की घोषणा, संताली भाषा के लिए अंजन कर्मकार और दुगाई टुडू को मिलेगा सम्मान।**

**और**

4. **मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू और सरायकेला समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों के लिए जारी की भीषण गर्मी की चेतावनी, बीते 24 घंटों में लू लगने से सात लोगों की मौत।**

**********************

राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ–साथ डॉक्टरों के रिक्त पड़े पदों को भरा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के सिविल सर्जनों को अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए हैं। कल एक बैठक के दौरान श्री सिंह ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर और जिला अस्पतालों में साफ़–सफाई के साथ–साथ मरीज और उनके परिजनों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं तैयार करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने कहा कि जल्द ही डॉक्टरों के रिक्त पड़े पदों को भी भरा जाएगा।

**********************

वंदे भारत की स्लीपर श्रेणी का ट्रायल अगले दो महीने में शुरू हो जाएगा। वर्तमान में, वंदेभारत एक्सप्रेस में केवल कुर्सी की सुविधा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वंदेभारत स्लीपर ट्रेन चलाने की मांग लगातार की जा रही थी। यह भारत की पहली स्वदेशी सेमी–हाईस्पीड ट्रेन है। रेल मंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लगभग 20 हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाई हैं, जिनमें लगभग चार करोड़ यात्रियों ने सफर किया है।

**********************

राज्य में प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर एक अगस्त से काउंसिलिंग होगी। इसके लिए 22 से 27 जून तक अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। 31 जुलाई तक आवेदन पत्रों की जांच की जाएगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह ने बताया कि सात अगस्त को अंतिम चयन सूचि का प्रकाशन किया जायेगा। इस नियुक्ति के तहत प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त रह गए सहायक शिक्षक के पद भरे जायेंगे। इधर, 22 जून से 11वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का आयोजन होगा। इस परीक्षा में सात हजार अभ्यर्थी भाग लेंगे। इसके लिए जेपीएससी ने एडमिट कार्ड जारी कर दिया है।

**********************

राज्य के नौ कोल खनन परियोजनाओं की नीलामी प्रक्रिया अगले हफ्ते से शुरू होगी। कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने देश की उर्जा जरूरत के अनुसार कोयला उत्पादन करने के निर्देश दिये हैं। इस कड़ी में कोल ब्लॉकों की नीलामी का दसवां दौर अगले सप्ताह से शुरू होगा जिसके लिए झारखंड समेत देशभर के 62 कोल ब्लॉकों को नीलामी के लिए चिन्हित किया गया है।

**********************

राज्य के इंटर कॉलेजो में इस सत्र से सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस पच्चीस में नामांकन के लिए अगले सप्ताह विभागीय आदेश के जारी होने की संभावना है।

**********************

राज्य में कल मनाये जाने वले ईद उल अजहा, बकरीद पर्व को लेकर सारी प्रशासनिक तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। पुलिस प्रवक्ता अमोल वी होमकर ने बताया कि सभी जिलों में अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है। कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा

रही है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने और अफवाह फैलाने वालों पर गैर जमानतीय धारा में मामले दर्ज किये जायेंगे।

*********************

साहित्य अकादेमी ने इस वर्ष के लिए युवा पुरस्कार और बाल साहित्य पुरस्कार की घोषणा कर दी है। संताली भाषा के लिए अंजन कर्मकार को युवा पुरस्कार और दुगाई टुडू को बाल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में युवा पुरस्कार के लिए 23 और बाल साहित्य पुरस्कार के लिए 24 लेखकों को अकादेमी के कार्यकारी मंडल द्वारा चयनित किया गया। साहित्य अकादेमी ने बताया है कि सभी चयनित लेखकों को पुरस्कार स्वरुप 50 हजार रुपये की धनराशि और एक ताम्र पट्टिका से सम्मानित किया जायेगा।

*********************

गोमिया के विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मुलाकात कर राज्य में जनजातीय भाषा अकादेमी के गठन की मांग की है। कल मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि राज्य में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के लिए अलग अलग अकादेमी के गठन होने से यहां की भाषाओं का विकास और संरक्षण होगा। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री से मुंडारी, कुडुख, हो, संथाली, खड़िया, कुरमाली, खोरठा, नागपुरी और पंचपरगनिया भाषा की पढ़ाई कक्षा एक से लेकर पीजी तक सुनिश्चित करने की मांग की।

*********************

गुमला जिले में 15 से 29 जून तक विशेष आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*********************

लोहरदगा जिले में अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। कल मंडल कारा और सिविल कोर्ट परिसर समेत अन्य जगहों में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय, उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा समेत बड़ी संख्या में अधिकारियों ने वन विभाग के सहयोग से चलाए गए पौधारोपण महोत्सव में भाग लिया।

*********************

शीर्ष वरीयता–प्राप्त टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल पेरुगिया चैलेंजर के फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में स्पेन के बर्नाबे जपाटा मिरालेस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

*********************

राज्य में अगले आठ दिनों तक मानसून के प्रवेश करने की संभावना नहीं है। रांची स्थित मौसम केंन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि 23 से 25 जून तक मानसून राज्य में प्रवेश कर सकता है। इधर, राज्य भर में तेज धूप के साथ उमस और गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। कल राज्य के 14 जिलों में तापमान 41 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज भी गढ़वा, पलामू, सरायकेला और पश्चिमी सिंहभूम के लिए भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के अलग –अलग हिस्सों में लू लगने से सात लोगों की मौत हो गयी है। इनमें गढ़वा से तीन, जमशेदपुर में दो और पलामू तथा रामगढ़ से एक–एक व्यक्ति शामिल हैं।

*********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने नीट यूजी की परीक्षा में हुई तथाकथित गड़बड़ियों से संबंधित खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
**प्रभात खबर ने लिखा है**–बीस और परीक्षार्थियों ने दायर की सुप्रीम कोर्ट में नयी याचिका, दोबारा परीक्षा लेने और सीबीआई जांच की मांग।
**दैनिक हिन्दुस्तान लिखता है**–राज्य के अधिकतर हिस्सों में गंभीर पेयजल संकट, पानी के लिए तरस रही पंचायतों में नहीं लगे नये चापानल, मंत्रिमंडल के निर्णय के आठ महीनों के बाद भी लक्ष्य अधूरा।

**दैनिक भास्कर की हेडलाइन है**–देश का हर नौवां आदमी कैंसर की जद में, अस्सी फीसदी केसों में देर से इलाज ने ली मरीजों की जान।
**दैनिक जागरण** ने लिखा है– रांची में आदिवासी जमीन को सामान्य बनाकर की गई अवैध खरीद–बिक्री, प्रवर्तन निदेशालय की रिमांड पर भूमि घोटाले का आरोपी उगल रहा राज।
**संडे टाइम्स ने लिखा है**– रांची से चार साइबर अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।
**हिन्दुस्तान टाइम्स** लिखता है–प्रदेश भाजपा ने शुरू की राज्य में लोकसभा चुनाव के परिणामों की समीक्षा।

*********समाप्त*********